# भारतीय नौसेना

## आर्टिफिशर अप्रेंटिस (एए) और सीनियर सेकेंड्री रिक्रूट (एसएसआर) – अगस्त 2022 बैच के लिए नौसैनिक के रूप में अविवाहित पुरूष अभ्यार्थियों से ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है

## अगस्त 2022 से प्रारम्भ होने वाला पाठ्यक्रम

1 अगस्त 2022 में प्रारम्भ होने वाले बैच के लिये अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों से लगभग 500 आर्टिफिशर अप्रेंटिस के लिये तथा 2000 सीनियर सेकेंड्री रिक्रूट पदों के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित हैं (जो भारतीय शासन प्रणाली द्वारा अधिकथित पात्रता शर्तें पूरा करता हो )। एसएसआर भर्ती के लिये रिक्त पदों को राज्यों के अनुसार आवंटित किया गया है। विभिन्न राज्यों के लिए लिखित परीक्षा मे उपस्थित होने के लिये क़्वालीफाईंग कट-ऑफ अंक अलग-अलग होंगे |

2 **<u>शैक्षणिक योग्यताएं</u>**.

(क) एए - 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण और गणित, भौतिकी विषय एवं इन विषयों में से एक रसायन विज्ञान/जीव विज्ञान / कम्पयूटर में निम्नतम 60% अंको के साथ भारत में किसी भी स्कूली शिक्षा बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण की हो, जो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त हो |

(ख) एसएसआर - 10+2 परीक्षा, गणित और भौतिकी विषय एवं इन विषयों में से एक रसायन विज्ञान/जीव विज्ञान /कम्प्युटर के सहित भारत में किसी भी स्कूली शिक्षा बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण की हो, जो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त हो|

3 **<u>आयु</u>** : **अभ्यार्थी 01 अगस्त 2002 और 31 जुलाई 2005** (दोनों तिथियों मिलाकर) के बीच जन्मा हो।

### <u>वेतन एवं अन्य सुविधाएं</u>

4 **<u>वेतन एवं भत्ते</u>.-** प्रारम्भिक परीक्षण अवधि के दौरान**,** भर्ती होने पर नौसैनिकों को स्टाईपेंड के रूप में 14600/- रुपये प्रतिमाह देय होगा। परीक्षण पूरा होने के बाद, डिफेंस वेतन मैट्रिक्स के लेवल 3 (21700/- रुपये से 69100/- रुपये) में रखा जायेगा। इसके अलावा, 5200/- रुपये प्रतिमाह सैनिक सेवा भत्ता एवं अक्स ग्रुप वेतन परीक्षण के दौरान 3600/- तथा AICTE द्वारा निर्धारित डिप्लोमा कोर्स सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद 6200/- रुपये (केवल एए के लिये) को महंगाई भत्ता (जो लागू होगा) के साथ जोड़कर दिया जायेगा।

5 **<u>पदोन्नति</u>**. – मास्टर चीफ़ पेटी ऑफिसर-I के रेंक तक पदोन्नति के अवसर हैं । जिसमे वेतन स्केल डिफेंस वेतन मेट्रिक्स के लेवल 8 (47600/- रुपये से 151100/- रुपये) देय होगा साथ ही 5200/- रुपये प्रतिमाह सैनिक सेवा भत्ता एवं अक्स ग्रुप वेतन 6200/- रुपये को महंगाई भत्ता (जैसे लागू होगा) के साथ जोड़कर दिया जायेगा। रिकॉर्ड श्रेष्ठ होने, निर्धारित परिक्षाएं तथा एसएसबी उत्तीर्ण कर लेने पर कमीशंड अधिकारी के पद तक पदोन्नति के अवसर भी हैं।

### <u>अनुप्लब्धियाँ</u>

6 (क) परीक्षण कि सम्पूर्ण अवधि के दौरान और उसके बाद नौसेनिकों को पुस्तंके**,** वर्दी**,** पठन सामग्री**,** खाना और आवास इत्यादि निशुल्क दिया जाएगा।

(ख) नौसेनिक खुद और आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा और छुट्टी यात्रा रियायत, समूह आवास लाभ एवं अन्य सुविधायों के हकदार होंगे। नौसेनिकों को वार्षिक और आकस्मिक अवकाश, बच्चों कि शिक्षा और मकान किराया भत्ता भी दिया जायेगा। सेवानिव्रती लाभों में पेंशन, ग्रेच्युति और छुट्टी के बदले नकद भुगतान शामिल है। सभी अनुप्लिबध्या सेवा शर्तों के अनुसार दी जाएगी और उनकी पात्रता/ ग्राहयता को मौजूदा और समय-समय पर शंशोधित सरकारी आदेशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

7 **<u>सुरक्षा बीमा</u>**. सुरक्षा बीमा (योगदान पर ) 50 लाख रुपये नौसेनिकों के लिए लागू है।

### <u>चयन मापदंड</u>

8 **<u>शार्टलिस्टिंग</u>**. उम्मीदवारों की शार्टलिस्टिंग योग्यता परीक्षा (10+2) मे भौतिकी, गणित एवं इन विषयों में से एक रसायन विज्ञान/जीव विज्ञान / कम्पयूटर में प्राप्त अंकों के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों को राज्यों के अनुसार आवंटित रिक्तियों के अनुपात में चार गुना संख्या में लिखित परीक्षा तथा पी.एफ.टी. के लिए बुलाया जाएगा। कट ऑफ अंक राज्य दर राज्य अलग- अलग हो सकतें है क्योकि रिक्तियों को राज्यों के अनुसार आवंटित किया गया है। शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा तथा पी.एफ.टी. के लिये कॉलअप पत्र जारी किया जाएगा।

**<u>परामर्शदात्री</u>:- ऐसे मामलों में जहां समान प्रतिशत अंक पाने वाले उम्मीदवारों की सख्या संबन्धित राज्य के लिए आवंटित की गई रिक्तियों से अधिक होगी तो शार्टलिस्ट को जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा, यानी ऐसे उम्मीदवारों जिनकी जन्म तिथि पहले की है (जिनके पास भर्ती के कम मौके बचें हैं) को प्रथिमिकता दी जाएगी।**

9 **<u>लिखित परीक्षा</u>**.

(क) प्रश्न-पत्र द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा।

(ख) प्रश्न-पत्र में चार खंड होंगे अर्थात अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामान्य जागरूकता।

(ग) प्रश्न-पत्र 10+2 स्तर का होगा और परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम वेबसाइट **<u>www.joinindiannavy.gov.in</u>** पर उपलब्ध है।

(घ) प्रश्न-पत्र की अवधि एक घंटे की होगी।

(ड़) लिखित परीक्षा होने के बाद उसी दिन सभी अभ्यार्थियों को शारीरिक दक्षता जांच मे भी उपस्थित होना पड़ेगा।

### <u>शारीरिक योग्यता जांच (पी.एफ़.टी)</u>

10 (क) चयन के लिए शारीरिक योग्यता जांच मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(ख) पीएफ़टी में 7 मिनट में 1.6 कि. मी. कि दौड़, 20 उठक-बैठक और 10 दंड-बैठक शामिल हैं। अभ्यर्थी पीएफ़टी में अपने जोखिम पर ऐसा करेगा।

11 एए तथा एसएसआर की मेरिट सूची लिखित परीक्षा मे प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की जाएगी और पीएफ़टी में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, अन्य शर्ते इस प्रकार हैं :-

(क )एए – एए के लिये ऑल इंडिया ऑर्डर ऑफ मेरिट के आधार पर लगभग शीर्ष 600 अभ्यर्थियों, जो की एए भर्ती के लिए पात्रता मानदंडो को पूरा करते है उन्हें भा.नौ.पो. आईएनएस चिल्का मे नामांकन चिकित्सा परीक्षा के लिये बुलावा पत्र जारी किया जाएगा।

(ख) एसएसआर – एसएसआर के लिये स्टेट वाइज़ ऑर्डर ऑफ मेरिट के आधार पर लगभग 2500 अभ्यर्थियों को भा.नौ.पो. आईएनएस चिल्का मे नामांकन चिकित्सा परीक्षा के लिये बुलावा पत्र जारी किया जाएगा।

**<u>परामर्शदात्री</u>:- एसएसआर भर्ती के लिये चिल्का में होने वाले नामांकन चिकित्सा परीक्षा के लिये कट ऑफ अंक विभिन्न राज्यों के अलग अलग हो सकते हैं ।**

12 **<u>चिकित्सा मानक</u>**.

(क) चिकित्सीय जांच प्राधिकृत सैन्य चिकित्सकों द्वारा प्रवेश लेने वाले नौसेनिकों पर लागू वर्तमान नियमावली मे निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार कि जाएगी।

(ख) न्यूनतम कद 157 से. मी., वजन और छाती के समानुपाती होना चाहिए। न्यूनतम 5 से. मी. छाती फुलानी होगी। नौसेना मे प्रवेश के लिए न्यूनतम ऊंचाई मानकों, उचित छूट के बारे मे जानने के लिए आधिकारिक भर्ती वेबसाइट का उपयोग करें।

(ग) नौसेना आदेश (विशेष) 01/2008 के अनुसार अभ्यार्थी मानसिक और शारीरिक स्वस्थ्य, किसी ऐसी बीमारी/ अपंगता से मुक्त जिससे, शांति और युद्ध मे कर्त्वय के सफल निष्पादन पर प्रभाव पड़ता हो। नौसेना आदेश (विशेष) 01/2008 का सार आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(घ) सभी चयनित अभ्यर्थियों की नामांकन चिकित्सीय जांच परीक्षा भा नौ पो चिल्का में होगी। जो अभ्यार्थी भा नौ पो चिल्का कि अंतिम चिकित्सा परीक्षा मे उत्तीर्ण होंगे वो नामांकित कर लिए जाएंगे और जो अभ्यर्थी चिकित्सीय जांच परीक्षा में अयोग्य होंगे उन्हे सलाह दी जाएगी कि वो अपनी इच्छा से केवल भा नौ ह पो निवारिणी, चिल्का या भा नौ ह पो कल्याणी, विशाखापटनम में 21 दिनों के भीतर अपील कर सकते हैं। **विशेषज्ञ द्वारा अयोग्य घोषित करने पर आगे कोई समीक्षा / अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि अभ्यर्थी दिये गए समय के भीतर, दी गयी तारीख और स्थान मे अपील मेडिकल के लिए रिपोर्ट करने मे विफल होते है तो उन्हें अपील का एक और मौका नहीं दिया जाएगा।**

**<u>परामर्शदात्री</u>:-** अभ्यार्थी को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले अपने कानों कि वक्स और दाँतो से टार्टर साफ करके आयें।

13 **<u>दृष्टि मानक</u>**.

| बिना चश्में के | | चश्में सहित | |
|---|---|---|---|
| सही आँख | खराब आँख | सही आँख | खराब आँख |
| 6/6 | 6/9 | 6/6 | 6/6 |

**<u>परामर्शदात्री</u>:-** पिछली समान नौसेना भर्ती में किसी भी सशत्र सेना अस्पताल द्वारा स्थायी रूप से चिकित्स्य जांच में अयोग्य घोषित किये गए अभ्यर्थियों को आवेदन न करने कि सलाह दी जाती है।

14 स्थायी टैटू केवल कोहनी से नीचे अंदर कि तरफ होने चाहिए जैसे कोहनी से मुट्ठी तक अंदर कि तरफ और हथेली के पीछे। शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और आवेदक को भर्ती में शामिल नही किया जाएगा।

### <u>प्रशिक्षण और प्रारम्भिक नियुक्ति</u>

15 **<u>प्रशिक्षण और प्रारम्भिक नियुक्ति</u>**. पाठ्यक्रम के लिये प्रशिक्षण अगस्त 2022 से प्रारम्भ होगा। जिसमें एए के लिये 09 सप्ताह तथा एसएसआर के लिये 22 सप्ताह का आधार प्रशिक्षण भा.नौ.पो. चिल्का में होगा। जिसके बाद आवंटित ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण विभिन्न नौसेना प्रशिक्षण संस्थानो में होगा। भारतीय नौसेना की आवश्यकता के अनुसार ब्रांच/ ट्रेड आवंटित कि जाएगी।

16 **<u>अनुपयुक्त होने पर निकाला जाना</u>**. नौसेनिकों को प्रशिक्षण के दौरान किसी भी समय असंतोषजनक कार्य के कारण अनुपयुक्त करार देकर निकाला जा सकता है। भर्ती के चरण में या उसके बाद किसी भी समय अगर दस्तावेज़ फर्जी पाये जाते हैं तो प्रशिक्षण के किसी भी चरण मे नौसैनिको को सेवा से हटाया जा सकता है ।

17 **<u>प्रारम्भिक नियुक्ति</u>**. प्रारम्भिक नियुक्ति प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर निर्भर करेगी। एए के लिये 20 वर्ष तथा एसएसआर के लिये 15 वर्ष कि प्रारम्भिक नियुक्ति होगी।

### <u>चयन प्रक्रिया</u>

18 ऑनलाइन आवेदन-पत्र साइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर भरें और सभी मौलिक दस्तावजों को स्कैन करके अपलोड करें। चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी :

(क) पात्र उम्मीदवारों को, लिखित परीक्षा जो **मई/ जून 22** में निर्धारित है के लिए बुलावा पत्र (जिसमे तारीख, समय और स्थान को अंकित किया गया है) को लिखित परीक्षा से पहले भारतीय नौसेना की आधिकारिक वैबसाइट से डाउन्लोड करना होगा। उम्मीदवारों को संपर्क करने के दौरान केवल संचार माध्यम का उपयोग किया जाएग और भर्ती के किसी भी स्तर पर डाक द्वारा कोई दस्तावेज़ नहीं भेजा जाएग। परीक्षा केंद्र, भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित होने के बाद बदला नहीं जाएग।

(ख) आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गये सत्यापित दस्तावेज़ {मूल प्रमाण-पत्र, अंक पत्र, निवास प्रमाण- पत्र, एन सी सी प्रमाणपत्र (अगर है तो)} परीक्षा के हर चरण मे साथ लाने की जरूरत होगी | विभिन्न केन्द्रो पर लिखित परीक्षा के समय और नामांकन चिकित्सा परीक्षा के समय भा.नौ.पो. चिल्का में सत्यापित किया जायेगा। **<u>यदि ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिये गये विवरण किसी भी स्तर पर मूल दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं, तो उसकी पात्रता निरस्त कर दी जायेगी</u>**।

(ग) उम्मीदवार के पास अपना आधार कार्ड नंबर होना चाहिए।

(घ) लिखित परीक्षा तथा पी॰एफ॰टी॰ मे उपस्थित होने के लिये विभिन्न राज्यों के लिये पात्रता कट-ऑफ अलग अलग हो सकते हैं | केवल पी.एफ.टी. में उतीर्ण उम्मीदवारों को ही योग्यता सूची मे शामिल करने के योग्य माना जाएगा। मेरिट सूची लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ड़) अभ्यार्थियों की चयन सूची वैबसाइट <u>www.joinindiannavy.gov.in</u> पर **जुलाई 2022** में प्रदर्शित की जायेगी। सभी अभ्यार्थियों जो योग्यता क्रमसूची सूची में होंगे उन्हें नामांकन चिकित्सा परीक्षा के लिए भा.नौ.पो. चिल्का में रिपोर्ट करना होगा। अगर अभ्यार्थी नामांकन चिकित्सा परीक्षा या अपील चिकित्सा जांच के लिये बुलावा पत्र में दिये गये तिथि, स्थान और समय पर रिपोर्ट नहीं कर पाया, तो अभ्यार्थी का वर्तमान चयन निरस्त कर दिया जायेगा और एक और मौका नहीं दिया जाएगा। भर्ती, भा.नौ.पो. चिल्का में मेडिकल फ़िटनेस के आधार पर होगी। **दिये गए सैन्य अस्पताल के विशेषज्ञ के अतिरिक्त किसी अन्य चिकित्सक द्वारा जारी मेडिकल फ़िटनेस प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा। विशेषज्ञ द्वारा अयोग्य घोषित करने पर आगे कोई समीक्षा / अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(च) चयनित अभ्यार्थियों की अभ्यार्थिता केवल वर्तमान बैच के लिये वैध है। सफल अभ्यार्थी, जिनका नाम योग्यता क्रमसूची में नहीं होता है, अगले बैच में भर्ती का दावा नहीं कर सकते। उन्हे अगले बैच की चयन प्रक्रिया में फिर से गुजरना होगा, बेशर्ते की वे अगले बैच की पात्रता मानदंड को पूरा करते हों।

(छ) सभी चयनित अभ्यार्थियों को नामांकन चिकित्सा परीक्षा के लिए बुलावा पत्र के साथ पुलिस सत्यापन प्रारूप और अन्य संबन्धित फॉर्म भी डाऊनलोड करने होंगे। **अभ्यार्थियों को पुलिस सत्यापन प्रारूप/ऑनलाइन पुलिस सत्यापन प्रारूप संबन्धित पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यापित कराकर अन्य सभी फॉर्म के साथ भा॰नौ॰पो॰ चिल्का में जमा करना होगा। बिना सत्यापित पुलिस सत्यापन प्रारूप के या पुलिस सत्यापन प्रारूप पर खराब टिप्पणी अंकित होने पर अभ्यार्थियों को भर्ती हेतु योग्य नहीं समझा जायेगा।** चयनित सूची की घोषणा होने के बाद पुलिस सत्यापन प्रारूप इंटरनेट से भी डाऊनलोड किया जा सकता है ताकि समयानुसर सत्यापित हो सके। चयनित अभ्यार्थी अपने स्थायी निवास या वर्तमान निवास का पुलिस सत्यापन प्रारूप जमा कर सकते है।

(ज) **भर्ती/प्रवेश के संबंध में कोई भी पूछताछ 6 महीने के बाद स्वीकार नहीं की जाएगी**।

### <u>आवेदन कैसे करे</u>

19 आवेदक इस भर्ती के लिए नौसेना की आधिकारिक भर्ती वैबसाइट **<u>www.joinindiannavy.gov.in</u>** पर **29 मार्च 2022** से **05 अप्रैल 2022** तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन का तरीका इस प्रकार है:-

(क) ई-आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार अपने प्रमाणपत्र,10+2 अंक-पत्र संदर्भ के लिए तैयार रखे।

(ख) आवेदक ई- आवेदन के लिए **<u>www.joinindiannavy.gov.in</u>** पर एक वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर के साथ स्वयं को पंजीकृत करें पहले से ही पंजीकृत अभ्यार्थियों को वयक्तिगत, शिक्षा और संचार विवरण अपडेट करने की आवश्यकता होगी अन्यथा उम्मीदवार "**Current Opportunities"** में आवेदन नहीं देख पाएगा।

(ग) अपने पंजीकृत ई-मेल पत्ते से लॉगिन करें और **Current Opportunities** पर क्लिक करे।

(घ) "अप्लाई" (√) बटन पर क्लिक करें।

(ङ) आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरे। '**सबमिट**' बटन क्लिक करने से पहले जांच ले की सारे विवरण सही भरे है, क्योकि रिकार्ड '**सेव**' बटन करने के बाद आप इसमे कोई संशोधन (correction) नहीं कर सकते और सभी मौलिक दस्तावेजो को स्कैन कर के अपलोड करें।

(च) आपके ऑनलाइन आवेदन-पत्र की छानबीन की जाएगी और इसे किसी भी समय अनुपयुक्त पाये जाने पर बिना कारण बताये रद्द किया जा सकता है।

**(छ) फोटोग्राफ: अपलोड की हुई फोटोग्राफ नवीनतम, अच्छी किस्म की और नीले रंग की पृष्ठभूमि में होनी चाहिये।**

20 आप आवेदन पत्र कॉमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी) से पूरे देश में 60 रुपये + जी.एस.टी के निर्धारित मूल्य पर भर सकते हैं । यह सुविधा पूर्ण रूप से वैकल्पिक हैं ।

21 किसी तरह की कठिनाई/पूछताछ हेतु एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) की वैबसाइट **<u>www.joinindiannavy.gov.in</u>** पर संपर्क करे।

22 **<u>आवश्यक सूचना</u>**.

(क) परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी अन्य संचार उपकरणो की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन से अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसमें भविष्य की परीक्षा से प्रतिबंध शामिल होगा।

(ख) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि का इंतज़ार किए बिना समय पर आवेदन करने की सलाह दी जाती है।

(ग) किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में आज्ञा की अवहेलना और गलत व्यवहार नहीं करना है ।

(घ) उम्मीदवारों को कई आवेदन करने से बचना होगा, यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी

(ङ) ऑनलाइन परीक्षा में प्रवेश के लिए या उम्मीदवार की योग्यता के लिए भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा।

**(च) स्थायी निवास प्रमाण पत्र संबन्धित गलत सूचना देने पर भर्ती या प्रशिक्षण के किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।**

**लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए सभी अभ्यार्थियों को कोविड-19 नेगेटिव RT-PCR लैब रिपोर्ट जो की सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त लैब से जारी किया गया हो, लाना अनिवार्य है (लैब रिपोर्ट ज्यादा से ज्यादा रेपोर्टिंग समय से 72 घंटे पहले की हो सकती है)**

## <u>ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि – 05 अप्रैल 2022</u>

### <u>चेतावनी</u>

**दलालों/धोखेबाजों से सावधान**

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध होने का दावा करने वाला कोई भी व्यक्ति, अभ्यार्थी को भर्ती करवाने का वादा कर सकता है और इसी बहाने वो पैसा भी वसूल सकता है। **<u>हम यह दावे के साथ कहना चाहेंगे कि ऐसा कुछ भी संभव नहीं है। दलालों के किसी भी तरह से उत्पीड़न करने पर एफआईआर दायर करें और पुलिस से संपर्क करें</u>**। सभी आवेदको को एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) द्वारा कॉल-अप-लैटर और प्रवेश-पत्र जारी किये जाते है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा, शारीरिक स्वस्थता जांच और डॉक्टरी जांच एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) द्वारा नामित की गई विभिन्न स्वतंत्र टीमों द्वारा की जाती है। किसी दलाल के झांसें में आने से पहले अच्छी तरह सोंचे। यदि आप सोचते है कि गैर-कानूनी ढंग से काम करायें जा सकते है तो आपको कुछ भी हासिल नहीं होगा। आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के कानून का पालन करने वाले नागरिक की तरह आचरण करें और अनुचित साधनों का प्रयोग करने से बचे। **नौसेना में भर्ती पूर्णत: न्यायपूर्ण है।**

**2. रिश्वत देना/ लेना, फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना और अनुचित साधनों में लिप्त होना आपराधिक अपराध है। इस तरह की गतिविधिओं में शामिल पाए जाने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवार कानून के तहत दंड के लिए उतरदायी होंगे और उनकी उम्मीदवारी रद कर दी जाएगी।**

### <u>टिप्पणी</u>

विज्ञापन में दिये गये नियम और शर्तें केवल दिशा-निर्देश है और सरकार द्वारा जारी आदेश जो समय-समय पर बदलते रहते है, भर्ती अभ्यार्थी पर लागू होंगे।

ऑनलाइन आवेदन के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करें।